



# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

## हाईवे पर हुआ हादसा, गांव से आ रहे थे सिम को बंद कराने

संवाददाता, नवाबगंज

- तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने रौंदा, वारदात के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया
- पुलिस तहरीर का कर रही इंतजार, वाहन चालक की तलाश में सीसीटीवी खंगाले

**अमृत विचारः** पीलीभीत हाईवे पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि घायल हुए उसके पिता की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। पुलिस तलाश में जुटी है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम गेला निवासी हरपाल(35 ) खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। पिता का मोबाइल खो जाने से उसमें पड़ी सिम को बंद कराने के लिए बुधवार को हरपाल अपने पिता प्रेमराज के साथ बाइक से कस्बे में आ रहे थे । बाईपास मार्ग पर गरगईया पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी



बच्चों के साथ बिलखती हरपाल की पत्नी हरप्यारी। ● अमृत विचार



मृतक हरपाल



मृतक प्रेमराज

जबरदस्त थी कि हरपाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि प्रेमराज गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया,। जहां चिकित्सकों ने हरपाल को मृत घोषित कर दिया। प्रेमराज की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल में प्रेमराज ने दम तोड़ दिया। पिता- पुत्र की मौत से घर में मातम छाया हुआ है। सीएचसी में हरपाल के मृत शरीर को देखकर पत्नी हरप्यारी गश खाकर गिर पड़ी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

## घर में अकेली महिला से युवक ने की छेड़खानी, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** घर में रह रही अकेली महिला के साथ पड़ोस का युवक अक्सर छेड़खानी तथा अश्लील इशारे करता है। और दरवाजे पर आकर ताका-झांकी करता रहता है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने कैंट थाने में आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना कैंट के नकटिया क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया, कि उसका पति बाहर मजदूरी करने चला जाता है। वह घर पर अकेली रहती है। मोहल्ले का ही फनुआ उर्फ मिथुन दरवाजे पर आकर अक्सर ताका-झांकी करता है। तथा अश्लील इशारे करता है। विरोध करने पर गाली गलौज व झगड़ा करने पर आमादा हो जाता है। इस मामले में पहले भी कई बार वार्ता हुई लेकिन वह बार बार ऐसी हरकत कर रहा है। पंचायत में आरोपी युवक ने गलती मानकर दोबारा ऐसा न करने का वायदा किया। लेकिन कुछ दिन के बाद आरोपी फिर से महिला के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। महिला ने कैंट थाने में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रशासन ने सील की बीयर की 38 पेटियां



एसडीएम, सीओ की मौजूदगी में पुलिस अफसरों ने पेटियों को सील करवाया।

संवाददाता, रिठौरा

**अमृत विचार :** होली के त्योहार को देखते हुए प्रशासन ने अवैध शराब बिक्री पर सख्ती शुरू कर दी है। नगर पंचायत रिठौरा और ग्राम पंचायत भंडसर में एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, क्षेत्राधिकारी नवाबगंज नीलेश मिश्र, थानाध्यक्ष प्रवीण सोलंकी, आबकारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार व चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता भारी पुलिस बल के साथ औचक निरीक्षण पर पहुंचे।

टीम ने इंद्रानगर स्थित मॉर्डन शॉप, भोजीपुरा मार्ग की कंपोजिट बीयर शॉप, देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों की गहन जांच की। अचानक चेकिंग से शराब खरीदने वालों में भगदड़ मच गई। अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया और सेल्समैनों को साफ-सफाई व नियमों के पालन के निर्देश दिए। दुकानों से संचालित कैंटीनों में गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उचित मूल्य पर बेचने की हिदायत भी दी गई।

रात साढ़े आठ बजे टीम भंडसर पहुंची, जहां देशी शराब की दुकान में जांच के दौरान 38 पेटियां बीयर बरामद हुईं। जांच में सामने आया कि बीयर शहर की पंजाबी मार्केट से लाकर यहां बेची जा रही थी। टीम ने सभी पेटियां सील कर दीं। आबकारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि तय ब्रांड के स्थान पर बाहरी बीयर बेचना नियम विरुद्ध है। मामले में आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बहेड़ी में अचानक घर से निकली महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की या फिर मौत की वजह हादसा है, यह बात साफ नहीं हो पाई है। महिला शादीशुदा है, और उसके तीन बच्चे भी हैं।



मृतक फरीन

मोहल्ला शेरनगर के अशफाक अहमद की पत्नी फरीन का मायका मोहल्ला नूरी नगर में है। फरीन इन दिनों मायके आई हुई थी। बुधवार की रात मुंडिया क्रासिंग के पास वह बरेली से लालकुआं जाने वाली ट्रेन से कट गई। बताते हैं कि फरीन ट्रेन के सामने कूद गई, और उसका जिस्म दो हिस्सों में कट गया। जिस जगह यह हादसा हुआ, वहां अंधेरा था, इसलिए यह बात साफ नहीं है कि उसने ख़ुदकुशी की या हादसे का शिकार हो गई।

मोहल्ला नूरी नगर रेल की पटरी के किनारे ही है। बताते हैं कि फरीन अचानक ही घर से निकली थी। महिला के कटने की खबर लगते ही वहां भीड़ जमा हो गई, और लोगों ने उसको पहचान कर उसके घर खबर दी। फौरन ही उसके घर वाले वहाँ पहुंच गए। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।लाश को तुरंत ही एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया। लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से फरीन का मानसिक संतुलन कुछ गड़बड़ाया हुआ था।

दुर्घटना के बाद ट्रेन लगभग 10 मिनट बाद रवाना किया।

## झोपड़ी में आग से सामान राख

**मीरगंज, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गाँव सैंजना की गोटिया में बुधवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई।पीड़ित के अनुसार झोपड़ी के भीतर खड़ी एक बाइक समेत घर का सारा कीमती सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद जैसे-तैसे आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था।

## नूरी नगर में 4 दिन से जलापूर्ति ठप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नूरी नगर में 4 दिन से नगर पालिका की पानी की सप्लाई ठप है। पानी की सप्लाई न होने से लोग पीने के पानी को परेशान हैं। रमज़ान के महीने में पानी की किल्लत और ज़्यादा परेशान करने वाली है।

मोहल्ला नूरी नगर में नगर पालिका की पाइप लाइन फट गई है, जिसके चलते पूरे मोहल्ले में पानी की सप्लाई बंद हो गई है। पाइप लाइन फटे 4रोज़ हो गए हैं, और पूरा मोहल्ला पानी के लिए परेशान है।

नगर पालिका का अमला पाइप लाइन ठीक नहीं कर पा रहा है, और रमजान के महीने में पानी की सप्लाई बंद होने से लोग बेहद परेशान हैं। रोजेदारों को सुबह और शाम को जरुरत के समय पानी नहीं मिलने से लोगों को परेशानी हो रही है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

## हाफिजगंज में 220 पव्वों के साथ दो गिरफ्तार

**हाफिजगंज, अमृत विचारः** पुलिस ने पांच पेटी देशी शराब के साथ गांव नवदिया बमनपुरी निवासी पूरनलाल और रामपाल को पकड़ा। दोनो से तीन पेटी देशी शराब मसाला के 220 पव्वे बरामद हुए।

## बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**मानपुर, अमृत विचार :** थाना शीशगढ़ दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार चाचा भतीजे सहित दो लोग घायल हो गए। दूसरा बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया।

बुधवार शाम थाना मिलक जिला रामपुर के गांव गधइया निवासी राजकुमार अपने भतीजे अमन के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। शीशगढ़ धनेटा मार्ग पर ग्राम बूंचीं के पास मलसाखेड़ा की तरफ से तेज रफ्तार आ रहा बाइक सवार ने राजकुमार की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे राजकुमार व अमन घायल हो गए।

## न्यूज डायरी

### तीन दिवसीय त्रिमूर्ति शिव जयंती, शोभायात्रा का हुआ स्वागत



**रिठौरा, अमृत विचार :** धर्म और सत्य की अलख जगाते हुए प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत-सत्कार किया गया ।राजयोगी ब्रह्मकुमार शरद भाई ने बताया इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक परमात्मा का संदेश पहुंचाना है ।इस मौके पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रभा दीदी, माउंट आबू से आए भाई भानूप्रताप, विशन स्वरूप यादव, अन्नू यादव, प्रदीप कुमार गुप्ता, रजनीकांत भाई, डालो, सर्वेश, रामधार, सभासद नीरज कुमारी, दिनेश भास्कर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**कैंट, अमृत विचार :** बुखारा स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस के क्षेत्रीय मुख्यालय एवं तृतीय वाहिनी द्वारा दिग्गज दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर उप-महानिरीक्षक अवनीश ने सेवानिवृत्त सैनिकों के अद्वितीय योगदान, कर्तव्य निष्ठा, बल के प्रति उनकी समर्पित सेवा की सराहना की और दिग्गजों को संगठन की अमूल्य धरोहर बताया ।सेनानी पवन सिंह ने आश्वस्त किया, कि आईटीबीपी सदैव अपने दिग्गजों एवं उनके परिवार के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध रहेगा ।इस अवसर स्मृति चिन्ह भेंट कर दिग्गजों को सम्मानित किया गया ।साथ ही उनके साथ संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को साझा किया।



### विधायक ने किया पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** जिगनिया भगवंतपुर में बुधवार को पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ विधायक डॉक्टर एमपी आर्य और भाजपा नेता रवि शंकर गंगवार ने फीता काटकर किया। विधायक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। ब्लॉक भाजपा नेता कहा कि मेले में पशुओं के स्वास्थ्य की जांच और उपचार के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद है ।इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, प्रधान ख्यालीराम, जुगल किशोर आदि रहे।

### गन्ना बुवाई के लिए प्रेरित करने को निकाली रैली



**बहेड़ी, अमृत विचार :** वसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए लोगों को प्रेरित करने के उदेश्यसे बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई ।रैली का आयोजन केसर इंटरप्राइजेज और गन्ना विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ ।रैली को ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने झंडी दिखा कर रवाना किया ।किसानों को वसंतकालीन गन्ना बुवाई के फायदे बताए जा रहे हैं ।वसंतकालीन गन्ने की वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई उत्पादन और आय दोनों के हिसाब से फायदेमंद है ।किसानों को विभागीय योजनाओं,अनुदान, बीज उपलब्धता और पर्ची के जारी होने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी जा रही है ।इस दौरान गन्ना विकास परिषद और केसर शुगर मिल के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005




- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
NABH PRE ACCREDITED



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**आवश्यकता है**
प्राचार्य / असि. प्रो. एलएल.बी. व बी.ए. एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजें।
योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार ।
E-mail: lbslaw50@gmail.com
एल.वी. एस. कॉलेज ऑफ लॉ
नवाबगंज (बरेली) मो. नं. 9412360790

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे वाणिज्य कर के केस (बाद) की सुनवाई के लिए फार्म नं. 38- (1) 2015301 (2) 2016141 (3) 2016142 (4.) 2016143 फार्म-52 बिल बुकें लेकर बिहारीपुर से इस्लामियां रोड होकर चौकी चौराहा की तरफ जा रही थी। रास्ते में मेरा बैग कहीं गुम हो गया। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **पारूल रूहेला 135, मदारी गेट, बड़ा बाजार, बरेली (यू.पी.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम प्रदीप है, ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम प्रदीप कुमार दर्ज हो गया है जो गलत है, भविष्य में मुझे प्रदीप नाम से ही जाना जाए। **प्रदीप पुत्र लक्ष्मण प्रसाद ग्राम ईंधजागीर निकट महालक्ष्मी पेट्रोल पम्प नवाबगंज बरेली**

**Notice**
This is to be notify that in my Passport No. R0219494 my name is wrongly mentioned as Adil whereas my real name is Mohd. Aadil. My real name Mohd. Aadil is recorded in Aadhar card and other Documents. Mohd. Aadil S/o Mehndi Hasan R/o Hajiyapur Warsi Gali Bareilly.

**सूचना**
मैं नवीन अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय श्री सुरेश कुमार अग्रवाल अपनी फर्म स्वास्तिक मार्वल 10-ए, एकतानगर स्टेडियम रोड से अपने कोल्ड स्टोर स्वास्तिक कोल्ड स्टोर एण्ड एलाइड इण्डस्ट्रीज तहसील बिसौली जिला बदायूं को जा रहा था मेरा कागजों का बैग धर्मकांटे के पास कहीं गिर गया है जिसमें एक फ्लैट का एलॉटमेंट लैटर जो कि मेघा क्वालिटी प्रोजेक्ट L.L.P. के द्वारा एप्लीकेशन डेट 10.04.2023, 20 अप्रैल 2024 को फ्लैट नं. 1301/13 वीं फ्लोर का और एक रजिस्ट्री पेपर रकवा 0.080 हेक्टेयर गाटा संख्या 932/1202 वीरमपुर परगना सतासी बी कोड 1295 सैदपुर-वीरमपुर लिंक मार्ग बिल्सी मार्ग तहसील बिसौली जिला बदायूं की थी। **नवीन अग्रवाल, 28 शास्त्री नगर, बरेली मो. 9897897489**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# केन में तेल लेकर तहसील पहुंचे पिता-पुत्र

## 28 साल पुराने जमीन विवाद में तहसील में आत्मदाह का प्रयास, तहसीलदार ने टीम गठित कर जांच के दिये निर्देश

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** तहसील परिसर में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक अपने पिता और छोटे पुत्र के साथ हाथ में केन लेकर पहुंच गया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को समझाकर काबू में किया, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर मीरगंज कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को शांत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने नायब तहसीलदार, राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मामला 28 वर्ष पहले हुए भूमि विक्रय से जुड़ा बताया जा रहा है। गांव वहरोली एवं हाल निवासी हुरहुरी के रूमाल शाह ने वर्ष 1998 में गाटा संख्या 593, रकबा 0.101 हेक्टेयर भूमि 11 हजार रुपये में रामप्रसाद और श्यामवीर को स्टांप व नोटरी के माध्यम से बेची थी। खरीदार पक्ष का दावा है कि तभी से उनका कब्जा है और जमीन पर शौचालय व पक्के मकान बने हुए हैं। इधर रूमाल शाह के पुत्र आबिद अल्वी का कहना है कि भूमि पर धारा 164 के तहत वाद लंबित है और उनकी जमीन पर निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। पुल निर्माण के बाद जमीन की कीमत बढ़ने से विवाद ने तूल पकड़ा है।

हुरहुरी निवासी रामप्रसाद पुत्र लेखराज ने बताया गोरा लोकनाथपुर पुल गुजरने के चलते उधर की जमीन का रेट अधिक होने से रुमाल शाह का लड़का आबिद अल्वी और रुमाल शाह मनगढ़ंत ड्रामा कर रहे हैं। हमारे पास उस समय रुपयों की कोई व्यवस्था नहीं थी इसलिए मकान नहीं बना पाए थे लेकिन हमारा कब्जा बरकरार था। अब रुपयों की व्यवस्था हुई है तो हमने निर्माण कार्य तीन दिन पहले शुरू कर दिया था तो अब ये बेवजह आरोप लगा रहे हैं।सभी आरोप मनगढ़ंत हैं निराधार हैं।


ज्वलनशील पदार्थ की केन लेकर तहसील पहुंचे आबिद अल्वी को रोकते अधिवक्ता।


रुमाल शाह के लड़के की बात सुनते तहसीलदार आशीष कुमार सिंह एवं पुलिस फोर्स।



रुमाल शाह, अपने बेटे और पोते के साथ

# दो स्कूल मिले बंद, हेड मास्टरों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों की टीम ने बुधवार को एक दिन में छह परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो स्कूल बंद मिले, जबकि बाकी में मिड-डे मील में कमियां और अव्यवस्थाएं मिलीं। दो प्रधानाध्यापकों का फरवरी माह का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं।

टीम नगर क्षेत्र में कंपोजिट विद्यालय खडौआ प्रथम व द्वितीय पर पहुंची तो वह बंद मिला। इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक विद्यालय बादशाह नगर फतेहगंज पश्चिमी में स्कूल में पंजीकृत 252 में से 155 विद्यार्थी उपस्थित मिले। विद्यालय में एससीआर का निर्माण कराया जा रहा था। शिक्षामित्र पूनम गोस्वामी लंबे समय से अनुपस्थित पाई गई।

> निरीक्षण में जिन विद्यालयों में कमियां मिली हैं। उनके लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही तीन प्रधानाध्यापकों का फरवरी माह का वेतन भी रोका गया है।
>
> -डॉ. विनीता, बीएसए

कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बाला कोठी में पंजीकृत 396 में से 144 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। रसोइयों ने बताया कि 80 बच्चों के लिए ही भोजन बनाया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय माधोपुर के निरीक्षण में बच्चों ने बताया कि 16 फरवरी को फल का वितरण नहीं किया गया। स्कूल में हैंड वॉश काम नहीं कर रहा था। विद्यालय परिसर में गंदगी थी। यहां के प्रधानाध्यापक का फरवरी माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है। प्राथमिक विद्यालय खेतान में पंजीकृत 205 में 85 विद्यार्थी उपस्थित मिले। यहां के प्रभारी से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा का उद्देश्य संस्कार अर्जित कर समाज की सेवा करना

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई-प्रथम की ओर से बुधवार को एक दिवसीय शिविर एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सेमिनार हॉल में हुआ। मुख्य वक्ता शशांक भाटिया ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल धन अर्जित करना ही नहीं है बल्कि संस्कार अर्जित कर समाज की सेवा में प्रतिभाग करना है। मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक प्रमाण पत्र का नाम नहीं है, यह छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास भी करती है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना बरेली कॉलेज के रचनात्मक कार्यों का एक दर्पण है।

### एसपी ट्रैफिक ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**बरेली, अमृत विचार :** एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने बुधवार को कार्यालय पर ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित किया। वर्ल्ड ताइक्वांडो हेडक्वाटर्स की ओर से शहर के 16 खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट दी गई। एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने कहा कि बरेली स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से जनपद में स्कूली छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और खेल के लिए जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह सराहनीय है।

### स्कूल के ताले काटकर सामान चोरी

**मानपुर, अमृत विचार :** बीती रात थाना क्षेत्र के ग्राम नरसुआ (वहरपुरा) स्थित कम्पोजिट विद्यालय के अज्ञात चोरो ने ताले काटकर रसोई से गैस सिलेंडर, बर्तन आदि के साथ कीमती सामान चोरी कर लिया।बुधवार सुवह ज़ब प्रधानाध्यापक अथर अहमद स्कूल पहुँचे तब स्कूल के मेन गेट व रसोई के ताले कटे पड़े थे। रसोई से सामान गायब था। प्रधानाध्यापक ने चोरी की सूचना तुरन्त पुलिस चौकी बंजरिया और ग्राम प्रधान को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घटना स्थल का मुआयना कर जल्द घटना के खुलासे की बात कही।

### 20 किलो अवैध डोडा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भमोरा, अमृत विचार :** भमौरा पुलिस ने देवचरा चौराहे पर वाहन चेकिंग में 20 .290 किलोग्राम अवैध डोडा छिलकके साथ बिसौली निवासी इंद्रेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

# सीडीओ को निरीक्षण में बंद मिले शौचालय व सीसीटीवी


ब्लॉक कार्यालय में प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण करतीं सीडीओ देवयानी।

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार:** सीडीओ ने ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयों की हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार दोपहर सीडीओ देवयानी ने औचक निरीक्षण कर बीडीओ कार्यालय देखा। इस दैरान वहां लगे सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े थे। जिसपर उन्होंने नाराजगी जाहिर कर बीडीओ को फटकार लगाई और जल्द सही करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाले वाली शिकायतों की जानकारी ली। एनआरएलएम कक्ष में बीएमएम से समूहों की जानकारी ली। जिसपर बीएम एम मंजू ने बताया कि ब्लॉक में कुल 1298 समूह हैं।उन्होंने स्वास्थ्य सखियों की ट्रेनिंग न होने पर नाराजगी जताई। एडीओ पंचायत कार्यालय में मिली कुछ खामियों को जल्द ठीक करवाने निर्देश दिए। उन्होंने एडीओ पंचायत शिखर गुप्ता को केयर टेकरो का भुगतान समय करवाने के भी निर्देश दिए हैं। ब्लॉक परिसर में ही रूर्बन मिशन के तहत बना प्लास्टिक प्लांट का निरीक्षण किया। जहां सिर्फ एक ही मशीन चलती मिली। दो मशीनें बंद पड़ी थीं। उन्होंने पीडी को सुचारू रूप से चलवाने के निर्देश दिए। स्टोर रूम में रखे रिकॉर्ड का रख रखाव ठीक करने को भी कहा है।

### अमृत विचार ने पहले ही उठाया था शौचालय मॉडल आवास और कैमरों का मुद्दा

अमृत विचार ने ब्लॉक कार्यालय में मॉडल आवास मानक के विपरीत, बंद और खराब पड़े शौचालय, खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे और टूटी पड़ीं पानी की टंकियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। जिसपर बीडीओ को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए थे। लेकिन उन निर्देशों का पालन नहीं किया गया। हालांकि, अफसरों की फटकार के बाद मॉडल आवास को आनन फानन में कुछ ठीक कराया गया। लेकिन, मानकों की अनदेखी फिर कर दी गयी। आज सीडीओ ने मॉडल आवास को प्रत्यक्ष देखा तो उन्होंने भी इसे मानक विपरीत बताया है।

### मानक के विपरीत बना मॉडल आवास : सीडीओ

ब्लॉक में निरीक्षण कर रहीं सीडीओ ने ब्लॉक परिसर में बना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना ' 'मॉडल आवास' ' का ताला खुलवाया।आवास देखते ही उन्होंने वहां मौजूद पीडी (डीआरडीए) से आवास मानक के विपरीत बने होने की बात कही। जिसपर पीडी कोई स्पष्ट जबाब नही दे पाए।आवास में शौचालय भी अंदर ही बनाया गया है।हालांकि, पीडी ने शौचालय बाहर बनवाने के लिए बीडीओ को निर्देश दिए।

# सिद्धि की प्रगति के लिए विमर्श जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चिन्मयी महिला विमर्श मंच एवं राष्ट्र सेविका समिति के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को नारी से नारायणी-चेतना से सिद्धि की ओर विषय पर चिन्मयी संगम संगोष्ठी का आयोजन केशव कृपा भवन पर हुआ।

मुख्य वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश की पूर्व कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि चेतना को जागृत कर सिद्धि की प्रगति के लिए ऐसे विमर्श अनवरत होने चाहिए। अध्यक्षता करते हुए एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष अरोरा ने कहा कि समाज में सभी क्षेत्रों में व्याप्त ग्लास सीलिंग जैसे अदृश्य अवरोधों का दूर करने के लिए स्वयं महिलाओं को ही आगे आने आना चाहिए। अर्बन को ऑपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार ने विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्त्रियों को शिक्षित करने, परिवार एवं समाज के सहयोग के साथ ही परिवार में संस्कार एवं सुसंस्कृति के आरोपण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।



चिन्मयी महिला विमर्श मंच की संगोष्ठी में मंचासीन पदाधिकारी व वक्ता।

● वक्ताओं ने महिलाओं की शिक्षा पर दिया जोर

मानविकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता त्यागी ने भारतीय संस्कृति में नारीशक्ति के विभिन्न आयामों को सुदृढ़ किया। उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता श्रद्धा सक्सेना ने पॉश एक्ट और कार्यस्थल में महिला उत्पीड़न संबंधी कानूनों के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए न्याय प्रेरक समाज की स्थापना पर जोर दिया। संचालन बरेली कॉलेज के राजनीति विभाग की प्रो.नीलम गुप्ता ने किया। भारती अग्रवाल ने आभार जताया। सुषमा अग्रवाल, डॉ. कोमल मित्तल, डॉ. अजिता सिंह तिवारी, दीक्षा, मीनाक्षी गंगवार, प्रो. दीप्ति जौहरी, प्रो. जयश्री मिश्रा, प्रो. कविता विश्नोई, डॉ. शीतल गुप्ता, डॉ. सविता जौहरी, डॉ. अमिता गुप्ता, रंजना सोलंकी, सुषमा दीक्षित, डॉ. ब्रजेश नंदिनी, सुरभि आदि मौजूद रहीं।

# सभासदों ने पालिका अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा


ईओ को ज्ञापन सौंपते पालिका सभासद। ● अमृत विचार

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका फरीदपुर में बुधवार को सभासदों ने अध्यक्ष शराफत जरी वाले के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि अध्यक्ष की मनमानी के चलते जनहित के काम अटके पड़े हैं और नगर की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

ज्ञापन देने वालो में तरन्नुम, निर्दोष जायसवाल, मोहित सिंह , रंजीत चौहान , रसीद खां, तबस्सुम, सुनील शर्मा, संजीव शुक्ला और ताज शामिल हैं। सभासदों का कहना है कि सफाई कर्मियों का भुगतान रुका है, विकास कार्यों के बिल अटके हैं और जरूरी आपूर्ति की फाइलें लंबित पड़ी हैं। कई माह से बोर्ड बैठक नहीं होने का भी आरोप लगाया। जनसमस्या सुनने वाला कोईनहीं है। ऐसे में जनता सभासदों से जवाब तलब करती है। अध्यक्ष कार्यालय में नियमित नहीं रहते है। सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट की स्थिति भी ठीक नहीं है। सभासदों ने नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 48 के तहत कार्रवाई की मांग की है।

# युवक को जबरन जहर खिलाने का आरोप, मौत

**आंवला, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को कथित रूप से रोककर जबरन जहर खिलाने का मामला सामने आया है। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


मृतक रजत।

ग्राम उरला निवासी रामवीर सिंह पुत्र विजयपाल सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र रजत चौहान बुधवार को सुबह जरूरी कार्य से बाइक से आंवला जा रहा था। आरोप है कि आंवला-वजीरगंज रोड स्थित पचपेड़ा के पास कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और मारपीट कर जबरन जहर खिला दिया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे।

# सितंबर में अगवा विवाहिता बरामद, आरोपी को जेल

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सिमरा बहोर नगला निवासी आदित्य पुत्र बंटू शर्मा ने आठमाह पूर्व ग्राम रमापुर थाना पाली जिला हरदोई निवासी संजीव सिंह की पुत्री गरिमा के साथ प्रेम विवाह एवं आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी। शादी के बाद गरिमा की मौसी उर्मिला उससे मिलने के बहाने गांव सिमरा बहोरा नगला आयी थी। दो-तीन दिन रुकने के बाद योजना अनुसार 2 सितंबर की रात गरिमा को कुछ अज्ञात लोग कार में अग़वा कर ले गये थे। तभी विवाहिता के पति आदित्य उर्फ बंटू शर्मा ने आरोपी मौसी उर्मिला व पिता संजीव सिंह तथा कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। तब से पुलिस युवती व आरोपियों को तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी भरत लाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गरिमा ने घर वालों की बगैर मर्जी से अन्य जाति से शादी कर ली थी। इसी वजह से कुछ लोगों की मदद से हम लोग रात्रि में गरिमा को जबरन ले गए थे। पुलिस ने गरिमा को पकड़े जाने की जानकारी करने हेतु यहां आया था। तभी पुलिस ने मुझे पकड़ लिया। पुलिस ने गरिमा को अगवा करने में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

### प्रेमी के साथ जाने पर अड़ी विवाहिता

**क्योलडिया :** ललौरी खेड़ा चौकी क्षेत्र की एक महिला की शादी 6 वर्ष पूर्व इमलिया थाना बरखेड़ा में हुई थी।विवाहिता का पति सफाई कर्मी के पद पर बरखेड़ा ब्लाक में तैनात है लेकिन महिला के प्रेम संबंध क्योलडिया थाना क्षेत्र के गांव बबूरा बबूरी के सचिन पुत्र भगवान दास से हो गए और जनवरी से वह प्रेमी के साथ उसके गांव में रह रही है। विवाहिता ने पति के खिलाफ पुलिस को घर से निकालने का प्रार्थना पत्र को दिया।

## न्यूज डायरी

### अब नहीं चलेगी तारीख पे तारीख, होगा आंदोलन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ने केसर मिल प्रबंधन पर अपने वायदे से लगातार मुकरने का आरोप लगाया है। किसान नेताओं ने बुधवार को एक ज्ञापन तहसीलदार को देकर बकाया गन्ना मूल्य जल्द भुगतान न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसान बुधवार को तहसील पहुंचे। यूनियन के प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी अजित सिंह ने कहा कि किसानों का पिछले सीजन का 142 करोड़ रुपया केसर शुगर मिल पर बकाया है, और इस सीजन का भी 35करोड़ रुपया मिल पर बकाया हो गया है। किसानों को अपना पैसा लेने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, इससे बड़ी शर्म की बात और नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन हर बार भुगतान करने के लिए एक नई तारीख़ देता है, और इससे आगे कुछ नहीं हो रहा। किसान नेता ने कहा कि किसान बेहद मुश्किल हालात से गुज़र रहा है, और अपना पैसा होने के बावजूद दूसरों के आगे हाथ फैलाने को मजबूर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 19 फरवरी के बाद भुगतान शुरू करने का वादा किया था, लेकिन मिल प्रबंधन अपने वादे से फिर गया। किसानों ने तहसीलदार को दिए ज्ञापन में शीघ्र भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में सूरज पाल सिंह, निश्चय सिंह,प्रमोद मौर्य, शान अली,सत्यवीर बालियान, अमर पाल सिंह,भगवान दास, सुरेंद्र सिंह,तुषार सैनी व अफसार अहमद आदि थे।



### काउंसलिंग से सुलझा मामला साथ रहने पर बनी सहमति

**नवाबगंज, अमृत विचार :** दहेज मांग और मारपीट के आरोपों के बीच चल रहा पारिवारिक विवाद महिला परामर्श केंद्र में सुलह के साथ समाप्त हो गया। बुधवार को हुई काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। थाना क्षेत्र के धौरेरा गांव निवासी एक महिला ने पूर्व में पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि विवाह के कुछ समय बाद से उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग उससे एक लाख रुपये नगद और मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण को महिला परामर्श केंद्र भेज दिया था। बुधवार को दोनों पक्षों को केंद्र पर बुलाया गया, जहां काउंसलरों ने विस्तार से बातचीत कर मतभेद दूर करने का प्रयास किया। लंबी वार्ता के बाद पति ने भविष्य में दहेज की मांग या किसी प्रकार की प्रताड़ना न करने का आश्वासन दिया। वहीं पत्नी ने भी दांपत्य जीवन को पुन: शुरू करने पर सहमति जताई।

### राधा रानी के भक्तों ने निकाली प्रभात फेरी, गुलाल लगाकर मनाई होली

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** फाल्गुन में होली का रंग और मस्ती का दौर चल रहा है। भक्तिमय वातावरण सुबह से ही बनने लगा है। सुबह भक्तिमय प्रभातफेरी निकालकर भजनों पर भक्त जमकर झूमे। प्रभातफेरी निकालने से पहले भक्तों ने राधारानी को रंग लगाकर आशीर्वाद लिया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान (सांवरिया) सोनू, सनी, प्रिंस,मुकेश,सत्य प्रकाश,तिलक सिंह के नेतृत्व में सुबह ब्रह्म मुहूर्त में राधा रानी के भक्तों और खाटू श्याम बाबा के भक्तों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान लक्ष्मी अग्रवाल,प्रिया अग्रवाल,सुधा रानी, प्रीति अग्रवाल,पुष्पा देवी,रचना गुप्ता, सुनीता गुप्ता, भगवती,रमा जायसवाल, सुमन अग्रवाल,अलका सिंह, कंचन सिंह,डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, आशीष अग्रवाल, नरेश ऐरन, अखिलेश अग्रवाल, राज कपूर गुप्ता, गोविंद गुप्ता उर्फ सीपू लाला, अमित सिंह, दीपक गोयल, नीरज गोयल, श्याम सुंदर गुप्ता, अमित गोयल, मयंक अग्रवाल आदि भक्तगण शामिल रहे।

### बैठकी कुमाऊंनी होली : तुम विघ्न हरो महाराज, होलिन के दिन में...

**बरेली, अमृत विचार :** गार्डन सिटी में बुधवार की शाम छाया पंत के आवास पर कुमाऊं की परम्परागत महिलाओं की बैठकी होली का आयोजन किया गया। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि खड़ी और बैठकी कुमाऊंनी होली पर्वतीय समाज की पहचान है। सभी लोगों को उत्तराखंड की लोक संस्कृति खड़ी एवं बैठकी होली का इंतजार रहता है, यह बसंत पंचमी से शुरू होकर होलिका दहन (छलड़ी) के रंग तक चलती है। बैठकी होली की शुरुआत श्री गणेश वंदना से हुई। होली के सुन्दर-सुन्दर भजन गाये। एक-दूसरे को गुलाल भी लगाया। इस मौके पर जया तिवारी, कमला जोशी, दया पाण्डे, निर्मला लोहनी, शुभा पाण्डे, दुर्गा जोशी, दीपा जोशी, अंजू पाठक, अर्चना मिश्रा, प्रिया सक्सेना, ममता शर्मा, हनी अग्रवाल, किशोरी, बीनू नैनवाल, रमा पाठक, मीता सती, चम्पा पंत, सीमा कालरा, शिखा शर्मा, माया जोशी, नीलम सिंह आदि महिलाओं ने सहभागिता कर होली के गीतों का आनन्द लिया।



## खेल

### क्रिकेट लीग 23 से 29 मार्च तक चलेगी, महिलाओं-बच्चों की दो-दो टीमें

# आईडीए कैंट प्रीमियर लीग में डॉ. अतुल सबसे महंगे बिके

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन बरेली कैंट की ओर से आयोजित प्रीमियर लीग के लिए बुधवार रात खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई। 23 से 29 मार्च तक खेले जाने वाली क्रिकेट लीग को लेकर खिलाड़ियों और आयोजकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि पीलीभीत बाईपास रोड स्थित होटल में ऑक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। लीग में महिलाओं की 2 टीम, बच्चों की 2 टीम और पुरुषों की 4 टीमों के लिए खिलाड़ियों की बोली लगाई गई। खिलाड़ियों को वन स्टार से लेकर 7 स्टार श्रेणी में विभाजित कर नीलामी की गई। नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी डॉ. अतुल गंगवार बने। इन पर 33,000 रुपये की बोली लगी। दूसरे स्थान पर डॉ. सलिल बलदेव रहे, जिनकी 31,500 रुपये में बोली लगी। ऊंची बोलियों ने लीग को लेकर प्रतिस्पर्धा और रोमांच को और बढ़ा दिया है।


आईडीए प्रीमियर लीग की ट्राफी का अनावरण करते सदस्य। ● अमृत विचार

● ऑक्शन में पुरुषों की चार टीमों के लिए खिलाड़ियों की लगाई गई बोली

कार्यक्रम के दौरान ही ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। आयोजन में आईडीए बरेली कैंट के अध्यक्ष डॉ. रुचिर सिंह, सचिव डॉ. वैभव गुप्ता, डॉ. आकांक्षा सिंह, आईडीए प्रीमियर लीग बरेली कैंट के चेयरमैन डॉ. नीरज चन्द्र, डॉ. दिनेश राय, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. नितिन अस्थाना, डॉ. इला अरोरा, डॉ. सलिल बलदेव, डॉ. प्रेरणा, डॉ. प्रियांशी, डॉ. सोनल और डॉ. हिमांशु प्रताप सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# एक मार्च से बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं करेंगे, ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बायोमेट्रिक उपस्थिति को लेकर कर्मचारी कल्याण सेवा समिति ने बुधवार को प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा और कहा कि जब सभी कर्मचारी और शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थित दर्ज कर रहे तो कुछ अस्थाई शिक्षक इससे छूट क्यों पाए हैं। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र आदेश जारी नहीं हुआ तो एक मार्च से कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के लोग भी उपस्थित दर्ज नहीं करेंगे। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की वेतनवृद्धि सुनिश्चित करने की भी मांग ज्ञापन में की गई। अध्यक्ष चंद्रकेश सिंह, सुनील राठौर, श्रीपाल, बाबूराम, मदनलाल, वीर कुमार, जयवीर पुराण, सुनील कुमार सिंह, आशा देवी, बच्ची देवी, आदि मौजूद रहे।

